दिनांकः 08.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

लोकसभा चुनाव के तहत विभिन्न राजनैतिक दलों के वरिष्ठ नेता प्रचार में जुटे हैं। इसी कड़ी में आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा हनुमानगढ़ के संगरिया में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में आम सभा करेंगे। उनके साथ पार्टी की प्रदेश चुनाव सहप्रभारी विजया राहटकर भी मौजूद रहेंगी।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज बाड़मेर के गुढामालानी के सोनड़ी में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा करेंगे। दोपहर बाद श्री शर्मा जनप्रतिनिधि सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इसके बाद वे वरिष्ठजनों से संवाद करेंगे।
वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज सांचौर में कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में आयोजित होने वाली सभा को संबोधित करेंगे।
पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का आज नीम का थाना के पाटन, झुंझुनूं के खेतड़ी, आमेर के जालसू और अलवर के किशनगढ़बास में जनसभा का कार्यक्रम है।
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा आज जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता करेंगे।
स्टार प्रचारकों के आगामी दौरों के तहत भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 11 और 12 अप्रैल को प्रदेश दौरे का कार्यक्रम है। वे 11 अप्रैल को करौली में आमसभा करेंगे। उनका 12 अप्रैल को बाड़मेर में सभा को संबोधित करने और दौसा में रोड़ शो करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।
वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 11 अप्रैल को अनूपगढ़ और फलौदी में जनसभा को संबोधित करेंगे।

....

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में नाम वापसी का आज आखिरी दिन है। इसके साथ ही प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो जाएगी। इस चरण में देश के 12 राज्यों की 88 लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं प्रदेश के 13 लोकसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। इनमें टोंक–सवाईमाधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़–बारां लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं।

....

प्रदेश में आयोजित हो रहे मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों के तहत भरतपुर में आज विभिन्न स्थानों पर रंगोली, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी और राजीविका से जुड़ी महिलाएं और बीएलओ घर–घर जाकर अवश्य मतदान का संदेश दे रहे हैं। इसी के साथ ''पहले मतदान, फिर कोई काम'' थीम पर महाविद्यालयों में नव मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है। केकड़ी में 90 वर्षीय महिला मतदाता कंचन देवी की अगुवाई में मशाल रैली निकाली गयी और मतदान के लिए प्रेरित किया गया। जैसलमेर के औद्योगिक क्षेत्रों और कृषि मंडियों के श्रमिकों को वोट डालने के लिए जागरुक किया गया। माइंस के कर्मचारियों, ट्रक ड्राइवरों को भी अवश्य मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अलवर शहर में थर्ड जेंडर मतदाताओं ने मतदान की शपथ ली।
सवाईमाधोपुर रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्म और वेटिंग हॉल पर मतदाता जागरुकता के संदेश लिखे गये हैं। इसके साथ ही स्टेशन के प्रवेश और निकास द्वार पर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। इस पर सेल्फी लेने के प्रति लोगों में उत्साह देखा जा रहा है।

....

लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अलग–अलग एनफोर्समेंट एजेंसियों ने प्रदेशभर में अब तक 537 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध नकद राशि, नशीली दवाएं, अवैध शराब, कीमती धातुएं और फ्रीबीज जब्त की हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में यह जब्ती पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान 75 दिनों की अवधि में हुई कुल 51 करोड़ 42 लाख रुपये मूल्य की जब्तियों के मुकाबले कहीं अधिक है। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा जब्तियां पाली जिले में की गई हैं।

....

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने आज जयपुर विकास प्राधिकरण–जेडीए में औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्राधिकरण के कई अधिकारियों के कक्षों का जायज़ा लिया। इस दौरान श्री पंत ने कई अधिकारियों और कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त की।

....

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद–एन.सी.ई.आर.टी. ने अपनी शैक्षणिक सामग्री के कॉपीराइट उल्लंघन मामले में चेतावनी जारी की है। परिषद ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति या संस्था कॉपीराइट अनुमति के बिना एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों की सामग्री का व्यावसायिक उपयोग के लिए प्रकाशन करती है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

....